1. सबसे पहले कम्प्यूटर सिस्टम में गूगल क्रोम ब्राउजर ओपन करिये।


2. ब्राउजर की एड्रेस बार में myrkcl.com टाईप करें।



3. myrkcl.com का होम पेज आपको सामने स्क्रीन पर खुला हुआ दिखाई देगा।

4. होम पेज के Right Hand Side में Login As लिखा हुआ देख रहे हैं।

5. Login As के सामने दिये गये बॉक्स में से आपको Learner का चुनाव करना है।



6. Learner Login Screen आपको सामने दिखाई देगी। इसमें Learner Code के बॉक्स में आपको अपना Learner Code टाईप करना है। उसके बाद उसके सामने दिये गये Verify बटन पर क्लिक कीजिये ।




7. आपके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर OTP आयेगा जिसे OTP Code के सामने दिये गये बॉक्स में टाईप करना है।

8. उसके बाद आपको नीचे दिये Sign In बटन पर क्लिक करना है।




9. लर्नर का एन्ट्री फार्म खुल जायेगा।

10. इस एन्ट्री फार्म के पहले टैब Learner टैब पर क्लिक कीजिये।




11.उसके बाद दो टैब बटन आपको दिखाई देगें उनमें से Correction/Duplicate Certificate Application टैब पर क्लिक करना है।




12. Correction/Duplicate Certificate Application के लिये एण्ट्री फॉर्म आपकी स्क्रीन पर खुल जायेगा जिसमें आवश्यक जानकारी आपको भरनी होगी।

13. सबसे पहले लर्नर का सही नाम, पिता/पति का सही नाम,परीक्षा का माह एवं वर्ष,प्राप्त किये गये अंक,मोबाइल नम्बर,जन्म दिनांक,ई–मेल एड्रेस जैसी जानकारियां भरनी होगी।





correction form में आवश्यक जानकारी भरिये

आप किस प्रकार के सर्टिफिकेट के लिये आनलाईन आवेदन कर रहे हैं,इसके लिये उसका चुनाव करना पडेगा। यदि Correction Certificate के लिये आवेदन करना है तो उसका चुनाव कीजिये और यदि Duplicate Certificate के लिये आवेदन करना है तो उसका चुनाव कीजिये।



RS-CIT Exam आपने कब उत्तीर्ण किया था इसके लिये आपको एक्जाम इंवेट में से उसका चुनाव करना होगा।




14. चार–पांच डॉक्यूमेन्ट की स्कैन कॉपी आपको अपलोड करनी होगी । प्रत्येक डॉक्यूमेन्ट के लिये एक साईज निर्धारित की हुई है । आपको उसी साईज में डॉक्यूमेन्ट अपलोड करने होगें । आपकी फोटो 5 के. बी. से ज्यादा बढी नहीं होनी चाहिये। 10 वी. की मार्कशीट,आर.एस.सी.आई.टी.सर्टिफिकेट,आई.डी.प्रूफ कापी एवं लीगल एफिडेविट की साईज 100 के.बी.से ज्यादा होनी चाहिये लेकिन 200 के.बी. से कम होनी चाहिये। निर्धारित साईज से अधिक साईज होने पर डॉक्यूमेन्ट अपलोड नहीं होगें जिसकी वजह से आपका फॉर्म सबमिट नहीं हो पायेगा।




15. सफलतापूर्वक डॉक्यूमेन्ट अपलोड होने के बाद Terms & Conditions के नीचे दिये गये Click Here चैक बॉक्स पर क्लिक करना होगा।

16. अपलोड बटन पर क्लिक करने के बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर ओ.टी.पी. आयेगा। ओ.टी.पी. Enter करने के बाद सबमिट बटन पर क्लिक करना होगा ।





MY RKCL
NETWORK MANAGEMENT FRAMEWORK
Logged in as GOPAL PRASAD GUPTA (838170413010524789)
Account
LEARNER EXAMINATION FINANCE REPORTS
Correction Application Form
Learner Code:*
838170413010524789
CenterCode:*
43290039
Learner Correct Name:*
GOPAL PRASAD GUPTA
Father Correct Name:*
RAMJI LAL GUPTA
Application For:*
Correction Certificate
Exam Event Name:*
RS-CIT May 2017
Total Marks:*
90
Email id:*
abc@gmail.com
Mobile No:*
9123456789
Dob:*
2009-05-07
Attach Photo:*
Choose File 58117....o.jpg
Attach 10th Marksheet:*
Choose File 203487....t.jpg
Attach RS-CIT Certificate:*
Choose File 10644....e.jpg
Terms and conditions :*
click here
Upload
Submit
सबमिट बटन पर क्लिक कीजिये
The programs and data stored on this system are licens... m for use only by authorized users. Unauthorized access to any program or data on this system is not permitted. By accessing and using this system you are consenting to system monitoring for law enforcement and other purposes. Unauthorized use of this system may subject you to criminal prosecution and penalties.
© RKCL 2008-2017 | Best viewed in 1024 * 728 Resolution |
7A Jhalana Institutional Area , Behind R.T.O Jaipur -302004

17. जैसा कि आप देख रहे हैं Successfully Inserted का मैसेज आपकी स्क्रीन पर आ जायेगा जिससे आपको यह मालूम हो जायेगा कि आपका Correction/Duplicate Certificate Application का आवेदन myrkcl.com पर सफलतापूर्वक सबमिट हो गया है साथ ही आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर एक मैसेज भी आ जाता है।



18. इसके बाद आपको Correction/Duplicate Certificate Application के लिये निर्धारित शुल्क का भुगतान भी करना होगा। बिना शुल्क का भुगतान किये आपका आवेदन अपूर्ण माना जायेगा एवं स्वीकार नहीं किया जायेगा।

19. Correction/Duplicate Certificate Application के लिये निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के लिये आपका जैसा कि आप स्क्रीन पर देख रहे हैं Finance टैब पर क्लिक करना होगा ।




जैसा कि आप स्क्रीन पर देख रहे हैं उसके नीचे आये हुये Correction/Duplicate Fee Payment टैब पर क्लिक करेगें।




20. आपने जिस कैटेगरी के लिये आवेदन किया है उसका चुनाव करना होगा। यदि आपने Correction Certificate के लिये आवेदन किया है तो Correction Certificate को सलेक्ट कीजिये or यदि आपने Duplicate Certificate के लिये आवेदन किया है तो Duplicate Certificate को सलेक्ट कीजिये।



21. Payment Mode का चुनाव करने के लिये आनलाईन पेमेन्ट को सेलेक्ट करें।



22. आपके सामने सभी लर्नर की एक सूची आ जायेगी। जिस लर्नर की फीस का भुगतान आपको करना है उसके सामने दिये गये बॉक्स को चैक मार्क कीजिये।



23. जैसा कि आप स्क्रीन पर देख रहे हैं आपको शुल्क भुगतान के तीन तरीके दिखाई देगें

- नेंट बैकिंग
- डेबिट कार्ड
- क्रेडिट कार्ड

आपको जिस तरीके से शुल्क का भुगतान करना है उसे सेलेक्ट कीजिये। यदि आप डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से भुगतान करते हैं तो कार्ड की डिटेल भरिये और Pay Now पर क्लिक करें।

